# केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मु.)

## नई दिल्ली

## प्रवेश सूचना 2019-20

शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए केंद्रीय विद्यालयों में कक्षा एक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक 01.03.2019, प्रातः 8:00 बजे से दिनांक 19.03.2019, सांय 4:00 बजे तक किया जा सकेगा। प्रवेश संबंधित विवरण यैबसाइट और मोबाइल ऐप दोनों के माध्यम से **https://kvsonlineadmission.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

शैक्षणिक सत्र 2019-20 में कक्षा 1 में ऑनलाइन प्रवेश के लिए आधिकारिक एंड्रॉइड और आईओएस मोबाइल ऐप **https://kvsonlineadmission.in/apps/** पर उपलब्ध हैं। ऐप डाउनलोड करने और इंस्टॉल करने के निर्देश उपरोक्त URL पर उपलब्ध होंगे। अभिभावकों से अनुरोध है कि वे पोर्टल और ऐप का उपयोग करने से पहले निर्देशों का सावधानी से पालन करें।

कक्षा दो एवं दो से ऊपर की कक्षाओं (कक्षा ग्यारह को छोड़कर) में स्थान रिक्त होने पर ही प्रवेश के लिए पंजीकरण दिनांक 02.04.2019 प्रातः 8:00 बजे से दिनांक 09.04.2019 सांय 4:00 बजे तक (ऑफ़लाइन मोड) द्वारा किया जा सकेगा। कक्षा XI के लिए आवेदन प्रपत्र (ऑफ़लाइन मोड) कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के तत्काल पश्चात के.वि.सं वेबसाइट (**www.kvsangathan.nic.in**) पर उपलब्ध प्रवेश समय-सारणी 2019-20 के अनुसार जारी किए जाएँगे।

सभी कक्षाओं के लिए आयु की गणना 31.03.2019 से होगी। कक्षाओं में सीटों का आरक्षण के.वि.सं के प्रवेश दिशा – निर्देश के अनुसार किया जाएगा (**www.kvsangathan.nic.in**)। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभिभावक अपने निकटतम केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य से संपर्क कर सकते है।